# कार्यालय–कुलसचिव
# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय,
# कानपुर–208002

संख्याः 1243 /अदग/जी0ए0/डीन–प्रभारी/2026 दिनांकः अगस्त 31, 2026

:: कार्यालय–ज्ञाप ::

प्रो0 एस0 के0 शर्मा, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमेनटीज़ एण्ड सोशल साइंस एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग के दिनांक 31/08/2026 को अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के दृष्टिगत मा0 कुलपति महोदय से प्राप्त अनुमोदनानुसार दिनांक 31/08/2026 से प्रो0 एस0 के0 एस0 यादव, मैकेनिकल इंजी0 विभाग को अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमेनटीज़ एण्ड सोशल साइंस का कार्य एवं दायित्व 02 वर्षो/अग्रिम आदेशों तक की अवधि के लिये सौंपा जाता है। उक्त के साथ ही प्रो0 एस0के0एस0 यादव को मानविकी विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्य एवं दायित्व भी 03 वर्षो/अग्रिम आदेश तक के लिये सौंपा जाता है।

डा0 कौमुदी सिंह, सहायक आचार्य, मानविकी विभाग, प्रभारी, मानविकी विभाग का कार्य एवं दायित्व अग्रिम आदेशों तक पूर्व की भाँति निर्वहन करती रहेंगी।

उक्त अतिरिक्त कार्य एवं दायित्व के निर्वहन हेतु सम्बन्धित शिक्षकों को कोई मानदेय/भत्ता देय नहीं होगा।

मा0 कुलपति महोदय द्वारा प्रो0 एस0 के0 शर्मा, भौतिकी विभाग के द्वारा अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमेनटीज़ एण्ड सोशल साइंस एवं विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग के रूप में किये गये कार्यों की सराहना की गयी है।

(कुलसचिव)

**प्रतिलिपिः निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रभारी/वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
3. प्रो0 एस0के0एस0 यादव, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
4. डा0 कौमुदी सिंह, सहायक आचार्य, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
5. प्रो0 एस0 के0 शर्मा, भौतिकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
6. कुलसचिव कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
7. सिस्टम मैनेजर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर।
8. सम्बन्धित की व्यक्तिगत पत्रावली।
9. गार्ड फाइल।

31/8/26

(कुलसचिव)

Scanned with OKEN Scanner